Monthly Summary of Ministry of Petroleum and Natural Gas for the month of August, 2022

Marketing operations

1. Nearly 8 lakh new LPG connections were issued during 01.08.2022 to 31.08.2022 by Oil Marketing Companies (OMCs). As on 31st August, 2022, the Ministry has approved release of additional 60 lakh LPG connections under PMUY (Ujjwala 2.0). Against this, OMCs have released 50.87 lakh connections so far.

2. In LPG, the number of Letter of Intents (LoIs) issued and distributorships commissioned, during 01.08.2022 to 31.08.2022 on industry basis are 09 and 10 respectively.

3. As on 30.08.2022, total 29488 retail outlets have been solarised.

4. In the month of August, 2022 prices of petrol remained unchanged at Rs.96.72/litre (in Delhi). Similarly, prices of diesel remained unchanged at Rs.89.62/litre (in Delhi).

5. Price of domestic LPG cylinder remained at Rs. 1053 per cylinder (in Delhi) during the month of August.

6. Government has revised Special Additional Excise Duty/ Road Infrastructure Cess on exports on Petrol from Rs. 6 per litre (on 01.07.2022) to Nil (on 01.09.2022).

7. Oil Marketing Companies continued to incur losses on sale of Petrol, Diesel and LPG. This is in addition to loss of Rs. 23,799 crore incurred during April – June, 2022.

Crude oil

8. Domestic crude oil production during August, 2022 was 2440 Thousand Metric Tonnes (TMT), showing 93.2% achievement over the target (2618 TMT) for the month and 96.8% achievement over the production (2520 TMT) in August, 2021.

9. During August, 2022, the price of the Indian Basket of Crude oil varied between $91.45 and $102.88 per barrel, with the average price as $97.40 per barrel, which is 7.67% lower than the average price of $105.49 per barrel for July, 2022.

..2/-

Gas supply

10. Natural Gas production during August, 2022 was 2896 MMSCM, showing 96.3% achievement over the target (3006 MMSCM) for the month and 99.0% achievement over the production (2926 MMSCM) in August, 2021.

11. As on 30.06.2022, a total of approx. 96.34 lakhs PNG Domestic Piped Connections have been provided.

Biofuels and Ethanol blending

12. For the Ethanol Supply Year (ESY) 2021-22, Oil Marketing Companies (OMCs) had floated a tender for 459 crore litres of Ethanol, against which LoIs for 452.27 crore litres of Ethanol have been issued upto 28.08.2022. OMCs' have received 327.02 crore litres ethanol enabling 9.09% blending for the month of August (till 28.08.2022) and cumulative blending of 10.04%.

13. For the month, 42 Letters of Intent (LoIs) have been issued under SATAT scheme for CBG production, bringing the total to 3539 LoIs. A total of 38 CBG plants are now operational across the country.

Reducing Import Dependency

14. Import dependence on oil and oil equivalent gas is 78.0% during April-July, 2022 (FY 2022-23). Self-sufficiency in Oil and Gas production cumulative is 22.0% as of April-July, 2022 (FY 2022-23).

GeM procurement

15. Oil PSUs procured items worth Rs.11590.05 Crs through GeM portal till 31st August, 2022. 100% procurement is being done through GeM for items that are available on the portal.

International Cooperation

16. Secretary Petroleum & Natural Gas had a meeting with US Deputy Secretary Treasury Wally Adeyemo on 26th Aug 2022 and discussions were held on Indo-US bilateral Hydrocarbon trade as well as Price cap on Russian Crude by G7 countries.

17. India UAE Joint Committee meeting was held through VC on 23rd August 2022 which was attended by the officials of MoP&NG. Both sides discussed to expand existing bilateral relations including Supplies and collaboration on Green Hydrogen.

frastructure Development

18. Total 13 Oil & Gas infrastructure projects valued at Rs.6625.20 Cr. of IOCL, OIL, HPCL, GAIL, ONGC, BPCL and CPCL have been completed during the month.

Miscellaneous

19. On 2nd August, 2022 , Memorandum of Understanding (MoU) was signed between Indian Oil Corporation Ltd (IOCL) and National Tiger Conservation Authority (NTCA) for transcontinental relocation of ‘Cheetah’ in its historical range in India. IOCL is the first corporate which has come forward to support the Project Cheetah under CSR.

20. Oil Marketing Companies observed Har Ghar Tiranga under Azadi ka Amrit Mahotsav (AKAM) all over the country and different parts of the world during 13-15th August, 2022 with great zeal and pride.

21. Partition Horror Remembrance Day was commemorated during the period 10.08.2022 to 14.08.2022 and exhibitions were displayed through 760 petrol pumps across the country by Oil Marketing Companies (IOCL, BPCL & HPCL).

22. ONGC Energy Centre (OEC) has initiated a new project for Geothermal Field Development of Ladakh by ‘Establishing a Geothermal Pilot & Demonstration project at Ladakh, to generate electricity through Geothermal Energy.

******

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संबंध में अगस्त माह, 2022 का मासिक सारांश

विपणन प्रचालन

1. तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) द्वारा दिनांक 01-08-2022 से 31-08-2022 के बीच लगभग 8 लाख नये एलपीजी कनेक्शन दिए गए थे। 31 अगस्त, 2022 की स्थिति के अनुसार मंत्रालय ने पीएमयूवाई (उज्ज्वला 2.0) के तहत अतिरिक्त 60 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी करने के लिए अनुमोदित किए हैं। इस संबंध में, ओएमसीज ने अब तक 50.87 लाख कनेक्शन जारी किए हैं।

2. दिनांक 01-08-2022 से 31-08-2022 के बीच उद्योग आधार पर शुरु की गई डिस्ट्रीब्यूटरशिपें और जारी किए गए आशय पत्रों (एलओएलएस) की संख्या क्रमशः 09 और 10 है।

3. दिनांक 30-08-2022 की स्थिति के अनुसार कुल 29488 खुदरा बिक्री केंद्रों को सौर उर्जा युक्त किया गया है।

4. दिल्ली में अगस्त, 2022 में पेट्रोल का मूल्य 96.72 रु./ लीटर पर अपरिवर्तित रहा। इसी प्रकार डीजल का मूल्य दिल्ली में 89.62 रु. /लीटर पर अपरिवर्तित रहा।

5. दिल्ली में अगस्त, 2022 के दौरान घरेलू एलपीजी सिलिंडर का मूल्य 1053 रु. प्रति सिलिंडर ही रहा।

6. सरकार ने पेट्रोल के निर्यात पर विशिष्ट अतिरिक्त उत्पाद शुल्क /सड़क अवसंरचना उप-कर को (दिनांक 01-07-2022 को) 6 रु. प्रति लीटर से संशोधित कर (दिनांक 01-09-2022 को) शून्य कर दिया।

7. तेल विपणन कंपनियां लगातार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की बिक्री पर नुकसान उठा रही हैं। यह अप्रैल-जून, 2022 के दौरान होने वाले 23,799 करोड़ रु. के नुक्सान के अतिरिक्त है।

कच्चा तेल

8. अगस्त, 2022 के दौरान घरेलू कच्चा तेल उत्पादन 2440 हजार मीट्रिक टन (टीएमटी) था जो माह के लक्ष्य (2618 टीएमटी) पर 93.2 % की उपलब्धि दर्शाता है और अगस्त, 2021 में (2520 टीएमटी) उत्पादन पर 96.8 % की उपलब्धि दर्शाता है।

9. अगस्त, 2022 में, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट में 91.45 डालर और 102.88 डालर प्रति बैरल के बीच घटता-बढ़ता रहा जबकी औसत मूल्य 97.40 डालर प्रति बैरल रहा, जो कि जुलाई, 2022 के लिए 105.49 डालर प्रति बैरल के औसत मूल्य से 7.67 % कम है।

गैस आपूर्ति

10. अगस्त, 2022 के दौरान प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2896 एमएमएससीएम था, जो माह के लक्ष्य (3006 एमएमएससीएम) पर 96.3% की उपलब्धि दर्शाता है और अगस्त, 2021 में (2926 एमएमएससीएम) उत्पादन पर 99.0% की उपलब्धि दर्शाता है।

11. दिनांक 30.06.2022 की स्थिति के अनुसार, कुल लगभग 96.34 लाख पीएनजी घरेलू पाइप्ड कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

जैव ईंधन और एथेनॉल मिश्रण

12. एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसई) 2021-22 के लिए, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने 459 करोड़ लीटर एथेनॉल के लिए एक निविदा जारी की थी, जिसके संबंध में दिनांक 28.08.2022 तक 452.27 करोड़ लीटर एथेनॉल के लिए एलओआई जारी की गई हैं। ओएमसीज को अगस्त माह (28.08.2022 तक) के लिए 9.09% मिश्रण और 10.04% के संचयी मिश्रण करने के लिए 327.02 करोड़ लीटर एथेनॉल प्राप्त हुआ है।

13. माह के लिए, सीबीजी उत्पादन के लिए सतत योजना के तहत 42 आशय पत्र (एलओआई) जारी किए गए हैं, जिससे कुल एलओआई 3539 हो गए हैं। देश भर में अब कुल 38 सीबीजी संयंत्र प्रचालनरत हैं।

आयात निर्भरता को कम करना

14. अप्रैल-जुलाई, 2022 (वित्त वर्ष 2022-23) के दौरान तेल और तेल समतुल्य गैस की आयात निर्भरता 78.0 प्रतिशत है। अप्रैल-जुलाई, 2022 (वित्त वर्ष 2022-23) के अनुसार संचयी तेल और गैस उत्पादन में आत्म-निर्भरता 22.0 प्रतिशत है।

जीईएम अधिप्राप्ति

15. तेल पीएसयूज द्वारा जीईएम पोर्टल के माध्यम से 31.08.2022 तक अधिप्राप्त मदों का मूल्य 11590.05 करोड़ रूपये है। पोर्टल पर उपलब्ध मदों के लिए जीईएम के माध्यम से 100 प्रतिशत अधिप्राप्ति की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

16. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सचिव ने दिनांक 26.08.2022 को यूएस के डिप्टी सचिव ट्रेसरी वेली एडीएमो के साथ बैठक की और जी7 देशो द्वारा रशियन क्रूड पर प्राइज कैप लगाने सहित इंडो-यूएस द्वीपक्षीय हाइड्रोकार्बन व्यापार पर भी चर्चाएं की।

17. दिनांक 23.08.2022 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भारत यूएई संयुक्त समिति बैठक आयोजित की गई जिसमें एमओपीएनजी के अधिकारियों ने भाग लिया था। दोनो पक्षों ने मौजूदा द्वीपक्षीय संबंधो को बढाने के लिए हरित हाइड्रोकार्बन सहित आपूर्ति और सहयोग पर चर्चा की।

ढांचागत विकास

18. माह के दौरान आईओसीएल, ओआईएल, एचपीसीएल, गेल, ओएनजीसी, बीपीसीएल और सीपीसीएल की 6625.20 करोड़ रूपये मूल्य की कुल 13 तेल और गैस ढांचागत परियोजनाएं को पूरा किया गया है।

विविध

19. दिनांक 02.08.2022 को 'चीता' को भारत में इसके ऐतिहासिक रेंज में अंतरमहाद्वीपीय स्थानांतरण के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. (आईओसीएल) और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आईओसीएल प्रथम कम्पनी है जो सीएसआर के तहत चीता परियोजना में सहयोग के लिए आगे आई है।

20. तेल विपणन कम्पनियों ने 13-15 अगस्त, 2022 के दौरान पूरे जोश और गर्व के साथ संपूर्ण देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सो में आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) के तहत हर घर तिरंगा का अभियान चलाया है।

21. दिनांक 10.08.2022 से 14.08.2022 की अवधि के दौरान विभाजन की भयावहता का स्मरण दिवय मनाया गया और तेल विपणन कम्पनियों (आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल) द्वारा संपूर्ण देश में 760 पेट्रोल पम्पों पर प्रदर्शिनियां लगाई गई थी।

22. ओएनजीसी उर्जा केंद्र (ओईसी) ने भू-तापीय उर्जा के माध्यम से बिजली उत्पन्न करने के लिए लददाख में 'एक भू- तापीय प्रायोगिक और प्रदर्शन परियोजना की स्थापना' करते हुए भू-तापीय क्षेत्र विकास के लिए एक नई परियोजना की शुरूआत की है।